हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 29 मार्च 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों के विवाह की चिंता दूर: लक्ष्मी



## खबर संक्षेप

### मारपीट से हाथ टूटने पर ग्रामीण ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** तीन माह पूर्व मारपीट से हाथ टूटने तथा ठीक नही होने से क्षुब्ध ग्रामीण ने कीटनाशक पी लिया। परिजन ग्रामीण को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बांसा निवासी बजराम कुजूर आ. जग्गू राम कुजूर (53 वर्ष) गुरूवार की दोपहर जब परिजन घर के बाहर थे तभी बजराम कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। काफी देर बाद भी जब बजराम कमरे से बाहर नहीं निकला तो परिजन किसी तरह दरवाजा खोल अंदर गए तो उनके होश उड़ गए। ग्रामीण अचेत हालत में पड़ा हुआ था। मुंह से कीटनाशक की गंध आने पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को बताया कि दिसम्बर माह में बजराम खेत में लगी मटर फसल को देख कर घर लौट रहा था तभी गांव के ही बोल साय से उसका विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि बोल साय ने मारपीट करना शुरू कर दिया जिससे बजराम की हाथ की हड्डी टूट गई्र। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार कराने के बाद भी हाथ ठीक नहीं हुआ। हाथ ठीक नहीं होने से बजराम परिवार को लेकर चिंतित था और इसी परेशानी से कीटनाशक पी लिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



**रमज़ान मुबारक**
**अठाईसवां रोज़ा**
आज का इफ्तार - 6.15 बजे
कल की सेहरी - 4.28 बजे

## निगम को मिली एक नए ऑडिटोरियम की स्वीकृति

# 13 करोड़ खर्च करने के बाद खंडहर में तब्दील हो रहा ऑडिटोरियम भवन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

13 करोड़ रूपए खर्च कर बनाया गया ऑडिटोरियम खंडहर में तब्दील होता जा रहा है और अब नगर निगम द्वारा फिर से 20 करोड़ खर्च कर एक नए ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा। पहले से बनकर तैयार हुए ऑडिटोरियम को पूर्ण करने के लिए लगभग 7 करोड़ रूपए की जरूरत है लेकिन इस पर किसी प्रकार की पहल शासन और प्रशासन ने नहीं की वहीं एक और भवन को गिराकर उसके स्थान पर ऑडिटोरियम निर्माण किए जाने को लेकर सवाल उठाए जा रहे है। वहीं ऑडिटोरियम के निर्माण की स्वीकृति भी भाजपा के शासन काल में दी गई और और फिर से प्रदेश में भाजपा की सरकार काबिज हो गई है लेकिन इस भवन का काम आज भी अधर में लटका हुआ है। ऐसे में ननि द्वारा पहल कर शासन से राशि स्वीकृत करा ली जाए तो 750 सीटर का अंतरराष्ट्रीय स्तर का ऑडिटोरियम बनकर तैयार हो जाएगा।

**खास बातें**
- पुराने कार्य को पूर्ण कराने ने नहीं दिखा रहे रूचि
- 6-7 करोड़ के लिए जर्जर हो रहा भवन

बता दें कि भाजपा सरकार द्वारा वर्ष 2017 में प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के साथ ही संभाग मुख्यालयों में बड़े आयोजनों के उद्देश्य से 750 सीटर ऑडिटोरियम हॉल की स्वीकृति प्रदान की गई थी। पूर्व में शासन द्वारा 1344.74 लाख रुपए की स्वीकृति मिली थी। इस स्वीकृति के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में 13 करोड़ रुपए की लागत से इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ऑडिटोरियम के निर्माण की शुरुआत की थी। इस भवन का निर्माण शुरू होने के बाद बीच में कोरोना काल भी आया लेकिन निर्माण कार्य निरंतर जारी रहे और भवन निर्माण के साथ ही अन्य कार्य पूर्ण हो चुके है। निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद अब 750 सीटर ऑडिटोरियम ⏭ शेष पेज 4 पर




,सध्दहर में तब्दील ऑडिटोरियम भवन।

### इस तरह की मिलती सुविधाएं

शासकीय कन्या महाविद्यालय परिसर में निर्मित यह ऑडिटोरियम राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजनों के लिए बना है। तीन फ्लोर में बने इस ऑडिटोरियम में सेंट्रल एसी के साथ ही वीआईपी लाउंज, ग्रीन रूम, दो कैफेटेरिया, सहित अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद है। इसके साथ ही इस भवन में पार्किंग भी दो स्तर में बनाए गए है। बेसमेंट पार्किंग के साथ ही भवन में दूसरे फ्लोर पर भी पार्किंग की सुविधा दी गई है। इस ऑडिटोरियम का निर्माण पूर्ण होने के बाद कई बड़े आयोजन हो सकते थे इसके साथ ही स्थानीय कलाकारों व युवाओं को भी एक बेहतर मंच मिल सकता था लेकिन अब यह भवन खंडहर में तब्दील होता जा रहा है।

### 6-7 करोड़ अतिरिक्त की जरुरत

बताया जा रहा है कि पूर्व में इस ऑडिटोरियम निर्माण के लिए शासन से 1344.74 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई थी। निर्माण शुरू होने के बाद शासन के निर्देश पर इसमें कुछ बदलाव किए गए और डबल लेयर पार्किंग व व्हीआईपी लाउंज को अतिरिक्त रूप से जोड़ दिया गया जिससे निर्माण की लागत में वृद्धि होती गई। वीआईपी लाउंज और अन्य निर्माण कार्यों के कारण इसकी लागत 1814.54 लाख का पुनरीक्षित प्रस्ताव बनाकर भेजा गया था लेकिन बीच में सरकार बदलने के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। ऑडिटोरियम में फॉलसीलिंग, एयरकंडीशनिंग, वुडन फ्लोरिंग, वॉल पेंटिंग, दरवाजे, खिडकियों के साथ ही मुख्य रूप से विद्युतीकरण का कार्य किया जाना शेष है। पूर्व में स्वीकृत राशि में से 10 करोड़ रुपए खर्च हो गए है और दो करोड़ शेष है लेकिन काम को बंद करना पड़ा क्यों कि सबसे पहले सेंट्रल एयरकंडीशनिंग का काम किया जाना है और इस कार्य के लिए पर्याप्त राशि नहीं है। यही वजह है कि बाद में विभाग को मजबूरन धारा 14-1 के तहत ठेकेदार का अनुबंध भी समाप्त करना पड़ा।

### निगम बनेगा 1 हजार सीटर ऑडिटोरियम

भाजपा काल में स्वीकृत 750 सीटर ऑडिटोरियम राशि के आभाव में वर्षों से अधूरा पड़ा है और अब देखरेख के आभाव में जर्जर होने की कगार पर है। वहीं दूसरी ओर नगर निगम द्वारा शहर में सुविधाओं के विस्तार हेतु 1 हजार सीटर ऑडिटोरियम के निर्माण की तैयारी की जा रही है। इस नए ऑडिटोरियम के निर्माण हेतु शासन से नगर निगम को 20 करोड़ रूपए की स्वीकृति भी दी जा चुकी है। ऐसे में निगम सरकार को यह तय करना चाहिए वर्षों से अधूरे पड़े ऑडिटोरियम के निर्माण को पूर्ण किया जाए अन्यथा शासन के 13 करोड़ रूपए बर्बाद हो जाएंगे।

### की जाएगी पहल

नगर निगम को 20 करोड़ रूपए की स्वीकृति मिली है जिससे ऑडिटोरियम का निर्माण कराया जाएगा। निर्माणाधीन ऑडिटोरियम के बारे में भी हमारी सरकार जानकारी लेगी और आवश्यक पहल की जाएगी।

-**मनीष सिंह**, लोनिवि प्रभारी ननि

# बाइक सवार युवकों ने ग्रामीण से की एक लाख की लूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

शुक्रवार की दोपहर नगर में बाइक सवार बदमाशों ने एक लाख रूपए के लूट की वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी बुजुर्ग व्यक्ति का बैंक से ही पीछा कर रहे थे और जब वह घर के अन्दर पहुंचा उसी समय एक आरोपी रुपयों से भरा बैग लेकर फरार हो गया। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी और घटना की जांच जारी है।

- घर में घुसकर दिया वारदात को अंजाम, रास्ते में चटनी फेंककर किया भ्रमित करने का प्रयास

बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 12 निवासी किसान मोहन सिंह मरावी परिवार के किसी सदस्य के उपचार हेतु ग्रामीण बैंक से एक लाख रूपए नगद निकालने के लिए गया हुआ था। ग्रामीण बैंक से रूपए निकालकर वापस घर लौट रहा था। ग्रामीण जैसे ही अपने घर पहुंचा और अपनी नातिन को पैसों से भरा बैग पकडाया घर में घुसे एक बदमाश ने हाथ से बैग लूट गया। इस दौरान दो युवक घर के बाहर पल्सर बाइक से खड़े थे और बहार निकलते ही फरार हो गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में हडकंप मच गया। अंदाजा लगाया जा रहा है कि लुटेरे ग्रामीण का बैंक से ही पीछा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने रास्ते में भी बैग लूटने का प्रयास किया। लुटेरों ने ग्रामीण मोमोस की चटनी फेंककर ध्यान भटकाकर लूट करने का प्रयास किया लेकिन इस दौरान ग्रामीण ने इसे नजर अंदाज कर दिया और बैग को मजबूती से पकडकर घर चला गया। जब वे असफल हुए तो सीधे घर के अंदर घुस गये। इस घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच कर रही है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे थे। फिलहाल आरोपियों के सम्बन्ध में कोई जानकारी नही मिल पाई है।



पीड़ि ग्रामीण।

### महुआ बीनने नहीं उठा तो पिता ने पुत्र को उतारा मौत के घाट

**डांड़गांव।** उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पेडरखी निवासी मदन राम तड़के 5 बजे उठा तो देखा पुत्र धन सिंह (19 वर्ष) सो रहा था। पुत्र के तड़के उठकर महुआ नहीं बिनने से पिता नाराज हो गया और फावड़ा से सो रहे पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे धन सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी लगने पर गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी पिता को गिरफ्तार कर शव को पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है। बताया जा रहा है कि महुआ नहीं बिनने से पिता नाराज था और घटना को अंजाम दिया।



## खबर संक्षेप

### शक्कर कारखाना केरता के निजी करण के विरोध में प्रदर्शन आज

**प्रतापपुर।** मां महामाया शक्कर कारखाना केरता के निजीकरण किए जाने के विरोध में कांग्रेस द्वारा आंदोलन व धरना प्रदर्शन 29 मार्च को किया जाएगा। इस परिपेक्ष में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुमार सिंहदेव द्वारा एसडीएम ललिता भगत एवं एसडीओपी सौरभ वी के चौकी प्रभारी ने चर्चा की। चर्चा के दौरान समझाने का प्रयास किया तथा एसडीओपी ने कहा कि प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से अपने बातों को रखें। इस मामले को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह से व्यवस्था बना चुकी है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री सिंहदेव ने कहा कि बड़ी संख्या में किसानों का भीड़ धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे इसकी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ एवं कांग्रेस के पदाधिकारी के साथ आंदोलन को शांतिपूर्ण संपन्न करने हेतु बैठक रखा गया। जिसमें कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई साथ ही धरना प्रदर्शन के लिए जगह चयनित किया गया।

### परीक्षा में पूरक आने से क्षुब्ध छात्र ने लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के अमेरा खदान में सीनियर सुरक्षाकर्मी कुम्दा डबल स्टोरी निवासी जयराम सेठी का 15 वर्षीय पुत्र दिनेश सेठी डीएवी पब्लिक स्कूल बिश्रामपुर में कक्षा 9 वीं सेक्शन ए का छात्र था।स्कूल के वार्षिक परीक्षा परिणाम में छात्र दिनेश सेठी पूरक आ गया था। कथित रूप से पूरक आने की बात से क्षुब्ध व दुःखी होकर छात्र दिनेश सेठी ने गुरुवार की रात अपने क्वार्टर के किचन में बहन के दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।सूचना पर पहुंची बिश्रामपुर पुलिस ने शव का पंचनामा व पीएम होने उपरान्त मामले में मर्ग कायम किया है,वहीं स्कूल के प्राचार्य एचके पाठक ने घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि छात्र की माताजी परीक्षा परिणाम लेने आई थीं। हालांकि जब छात्रों को परिजन के साथ परिणाम के पूर्व कॉपी दिखलाई गई थी, उस समय भी छात्र ने अच्छे तरीके से क्लास टीचर से पूरक परीक्षा को उत्तीर्ण कर लेने की बात कही थी।घटना पर आज शुक्रवार को स्कूल के प्राचार्य एचके पाठक व अन्य शिक्षकों ने भी छात्र के घर पहुंच परिजन से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त की।घटना के बाद से कुम्दा कॉलोनी में शोक का माहौल निर्मित है।

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धौरपुर, जिला सरगुजा, (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.----- /अ-2/2024-25

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण ग्राम भिलाईकलां को सूचित किया जाता है कि आवेदिका रातरानी पुत्री सोभाराम, जाति उरांव, निवासी ग्राम भिलाईकलां, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य भूमि स्थित ग्राम भिलाईकलां, तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) स्थित खसरा नंबर 206/3 रकबा 0.095 हे. में से रकबा 0.020 हे. भूमि को कृषि भिन्न व्यवसायिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, रजिस्ट्री इत्यादि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 11/04/2025 को मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 27/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

(जगत राम सतरंज)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धौरपुर

न्यायालय तहसीलदार लटोरी
जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़
रा.प्र.क्र. 2025022621000 अ-21/2024-2025

**//ईश्तहार//**

अमृत लाल प्रति कविता मण्डल

सर्व साधारण ग्रामवासी ग्राम रविन्द्रनगर तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अमृत लाल सरकार आ. स्व. मोहर सरकार जाति कायस्थ निवासी ग्राम रविन्द्रनगर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर छ.ग. द्वारा अपने खाते की भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम रविन्द्रनगर तहसील लटोरी जिला सूरजपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 71/1 में से रकबा 0.02 हे. भूमि को अनावेदक श्रीमती कविता मण्डल पति स्व. भवेश कुमार मण्डल निवासी ग्राम मदनपुर के पास 2,85,000/- (दो लाख पच्चासी हजार रूपये) में विक्रय करने हेतु सौदा तय किया गया है। जिसमें से अग्रिम राशि 2,00,000/- रूपये प्राप्त कर लिया है। आवेदित भूमि पुर्नवास विभाग से पट्टे पर प्राप्त भूमि है। उक्त भूमि को विक्रय करने हेतु अनुमति बावत आवेदन पत्र कलेक्टर महोदय सूरजपुर को प्रस्तुत करने से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त होने पर प्रकरण प्रारम्भ किया गया। जिसमें कार्यवाही किया जा रहा है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में दिनांक 09-04-2025 को उपस्थित हो कर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। इस तिथि के बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11-03-2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
लटोरी
जिला-सूरजपुर

## जिले के 200 बेटियों का हुआ विवाह

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से बेटियों के विवाह की चिंता दूरः लक्ष्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

**खास बात**
- नव वधुओं को 35 हजार रुपये सहित अन्य सामान उपहार किया गया प्रदान

रंगमंच प्रांगण में आज मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। योजना अंतर्गत जिले के 196 हिन्दू एवं 4 ईसाई जोड़ों का विवाह सम्पन्न हुआ। सभी जोड़ों का उनके धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ विवाह सम्पन्न कराया गया। मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, सांसद चिंतामणि महाराज, विधायक भूलन सिंह मरावी, कुदरगढ़ ट्रस्ट के अध्यक्ष रामसेवक पैकरा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया। राज्य शासन द्वारा योजना अंतर्गत 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता नव विवाहित जोड़ों को दी जाती है। सामूहिक विवाह में वधुओं के खाते में 35 हजार रूपये की राशि डीबीटी के माध्यम से दी जाती है इसके अलावा शेष राशि से श्रृंगार सामग्री और घरेलू सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान किया गया। विवाह कार्यक्रम में जिला अंतर्गत सिलफिली के 25 जोड़े, भैयाथान के 35 जोड़े, ओडगी के 25 जोड़े, सूरजपुर के 35 जोड़े, रामानुजनगर के 25 जोड़े, प्रेमनगर के 15 जोड़े तथा प्रतापपुर के 40 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया।



सामूहिक विवाह में शामिल जोड़े।

मुख्य अतिथि मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सभी वर्गों के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। आज 200 जोड़ों का विवाह हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह द्वारा यह योजना शुरू की गई थी। समाज में वैवाहिक कार्यक्रमों में खर्च को रोकने के लिए यह योजना लाभदायक है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 50 हजार रूपये नव विवाहित जोड़ों को दिया जाता है। इससे विवाह के समय होने वाले खर्च और जरूरी तैयारियों की चिंता दूर हो गई। कमजोर एवं गरीब परिवारों के बेटियों के विवाह में होने वाले खर्च की भी बचत हो रही है। सांसद चिंतामणि महाराज ने कहा कि सभी विवाहित जोड़े हंसी खुशी रहे और अपने माता पिता की देखभाल करें। उन्होंने कहा कि पति-पत्नी को एक-दूसरे पर विश्वास और आपसी समन्वय बनाए रखना चाहिए जिससे वैवाहिक जीवन खुशियों से भर जाता है। उन्होंने वर-वधुओं को एक-दूसरे का सम्मान करते हुए परिवारों का भी मान-सम्मान बनाये रखने के लिए प्रेरित किया कार्यक्रम को विधायक भूलन सिंह मरावी, पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व विधायक रजनी शंकर त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष, रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य सहित जिला स्तरीय अधिकारी व गायत्री परिवार के सदस्य मौजूद थे।

# जीवन में सफलता हासिल करने के लिए दृढ इच्छा शक्ति और अनुशासन जरुरी : राजेश

- महावर स्मृति पुरस्कार समारोह में शामिल हुए विधायक, माहापौर व जन प्रतिनिधि

**अंबिकापुर।** गुरुवार को नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुलिस लाइन में महावर स्मृति पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश अग्रवाल शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर श्रीमती मंजूषा भगत ने की। इस दौरान विधायक श्री अग्रवाल ने कहा कि जीवन में असंभव कुछ भी नहीं है सफलता प्राप्त करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति और अनुशासन जरूरी है। ऐसे कार्यक्रम इसलिए आयोजित किए जाते हैं जिससे आप प्रेरित होकर आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा की श्री महावर जी ने अच्छी परंपरा चालू की है। यह प्रेरणादायी है। यहां से मुझे भी प्रेरणा मिली है। बगैर शिक्षा हम कुछ नहीं कर सकते, शिक्षा हमें समर्थ सक्षम और निर्णायक बनता है विद्यालय में यह देखकर खुशी हो रही है कि यहां लड़कियों की संख्या अधिक है लड़कियों के पढ़ने से भविष्य में समाज और शिक्षित बनेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से मोबाइल का सदुपयोग किये जाने का आवाहन किया। विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट होने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए बच्चों की मांग पर स्टेज, शेड, साइकिल स्टैंड जल्द बनाए जाने की बात कही। महापौर श्रीमती भगत ने कहा कि छात्र जीवन सबसे संघर्ष का समय होता है। यह वह समय है जब हमारा एक कदम हमारे जीवन की दिशा को बदल देता है इसलिए हमारा कदम ऐसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए जिससे हमारा निर्धारित लक्ष्य प्राप्त हो। ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि कई वर्षों से मैं इस स्कूल से जुड़ा हुआ हूं। विद्यालय में पहले बच्चों की संख्या बहुत कम थी परंतु प्राचार्य एवं शिक्षकों की मेहनत व लगन से बच्चों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। उन्होंने बच्चों से अनुशासन में रहकर पढ़ाई करने का आह्वान किया। कार्यक्रम को



एसएमडीसी अध्यक्ष रमेश जायसवाल एवं समाजसेवी वार्ष्णेय जयसवाल ने भी संबोधित किया। संस्था की प्राचार्य श्रीमती स्नेह लता सिन्हा ने विद्यालय के विकास के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए विद्यालय की समस्याओं को अतिथियों के समक्ष रखा। अतिथियों के स्वागत हेतु विद्यालय के छात्र खुशी गुप्ता एवं उनके साथियों ने मिलकर आकर्षक स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अतिथियों ने सत्र 2023 24 में कला संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली कु किरण रजक तथा वाणिज्य संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अमृता चेरवा को अतिथियों द्वारा नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। मंच का संचालन योगेश्वर पांडे व श्रीमती राजेश्वरी निषाद ने किया जबकि आभार प्रदर्शन संस्था के व्याख्याता विकास जोशी ने करते हुए श्री महावर स्मृति पुरस्कार वितरण कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर राम नगीना सिंह, शरद वर्मा, संजीव वर्मा, विकास शुक्ला, रोहित कुशवाहा सहित गणमान्य नागरिक व संस्था के स्टाफ उपस्थित थे।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर
छ.ग. के सुप्रसिद्ध न्यूरो फिजिशियन
डॉ. अभिजीत कुमार
MD, DM (Neurogist)
रायपुर के विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ. गौरव त्रिपाठी
M.D., DM (CARDIOLOGIST)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमित जैन
MS, MCH (Neurosurgery) Brain And Spine Surgeon
सरगुजा संभाग की सर्वप्रथम एवं एकमात्र
1.5 Tesla MRI
All Diagnostic Facilites
डॉक्टर्स हाऊस @ सरगुजा
रानी तालाब के सामने, जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
छ.ग. के विख्यात पेट एवं लिवर रोग विशेषज्ञ
डॉ. अरूण अय्यर
MBBS, MD , DM Gastroenterology
30 मार्च 2025 प्रत्येक माह के पांचवा रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

# चाचा की हत्या कर कुएं में कूदा भतीजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शुक्रवार की अलसुबह सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में भतीजे ने चाचा को चाकू मारकर हत्या कर दी और खुद कुएं में कुदकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर कोरिया पुलिस मौके पर पहुंची और अपनी आवश्यक कार्रवाई कर दोनों मृतकों के शव को पीएम के लिए भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम बंजारीडॉड़ स्थित पहाड़पारा में शुक्रवार की अलसुबह किसी बात को लेकर राय सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष तथा उसका भतीजा टेकेश्वर सिंह उम्र 35 वर्ष के बीच किसी बाद को लेकर विवाद हुआ। इसी विवाद के आवेश में आकर भतीजा टेकेश्वर ने अपने चाचा राय सिंह के सीने में चाकू से कई वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया, इससे चाचा राय सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद भतीजा टेकेश्वर ने घर के पास के कुएं में कूदकर आत्महत्या कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। घटना पश्चात परिवार में शोक की लहर फैल गई, वहीं मामले की सूचना पुलिस को मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर पंचनामा कार्रवाई उपरांत मृत चाचा-भतीजे के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजवाया।

### पण्डो जनजाति के लोगों ने किया प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पण्डो जनजाति के लोगों द्वारा वर्षों बाद भी पट्टा नहीं मिलने पर आज गुरूवार को राज्यपाल के आगमन पर सड़क किनारे खड़े होकर अपना विरोध दर्ज कराया है। इस पर आनन फानन में सूरजपुर तहसीलदार ने मौके पर पहुंच ग्रामीणों के ज्ञापन को लेकर विरोध प्रदर्शन को समाप्त कराया। गौरतलब है कि 27 मार्च दिन गुरूवार को छत्तीसगढ़ राज्यपाल रमन डेका सुरजपुर जिले के प्रवास पर आए हुए थे।

TOP IN SURGUJA

श्वास, छाती एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
डॉ. कमल नारायण गुप्ता
MBBS (Pune), DTCD (Kolkata)
Chest Physician
GOLD MEDALIST
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALTY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
समस्त श्वास संबंधित रोगों का निदान जैसे -
अपने फेफड़ों की जांच कराएं और आज ही अपने डॉक्टर की सलाह लें!
- जटिल अस्थमा (दमा)
- टी.बी./क्षय रोग / MDR-TB
- गले व छाती में कफ संबंधित समस्या
- बैठे- बैठे चलने पर सांस फूलना
- छाती में भारीपन और सांस फूलना
- छाती में पानी भर जाना, हवा लीक होना
- छाती में गठान, फेफड़ों के कैंसर की समस्या
- खांसी, जुकाम एवं एलर्जी
- बच्चों में आने वाली बार-बार खांसी
- खांसी में खून आना

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक : 202502020700121/
विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व सन्:-2024-2025
अंबिकापुर प.ह.न. 00015 [2326/6(0.0120हे.)]
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-जाहिदा खातून, अनावेदक पक्षकार-नसीम अख्तर,

**ईश्तहार**

आवेदिका जाहिदा खातुन पति मो. सुलेमान खान निवासी मोमिनपुरा नगर अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2326/6 रकबा 121.84 वर्गमीटर भूमि के राजस्व अभिलेखों में पंजीबद्ध विक्रय पत्र दिनांक 21.08.2023 के माध्यम से नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 16/04/2025 के पूर्व नायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/02/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार
अम्बिकापुर, सरगुजा

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), भैयाथान, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र.----- /अ-2/2024-25

**-ईश्तहार-**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत बिहारपुर को सूचित किया जाता है कि रामबिहारी यादव पिता श्री बच्चु राम निवासी बिहारपुर द्वारा के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं. 432, 474/1 रकबा 0.21, 0.07. हे. जो ग्राम बिहारपुर प.ह.नं 06. रा.नि.मं. बिहारपुर तहसील बिहारपुर जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत बिहारपुर के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 08/04/2025 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुद्रा से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार, सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. /ब-121/19/3/2025

**।। ईश्तहार।।**

आवेदक का नाम मानसाय पिता तिलक जाति गोंड़ निवासी ग्राम सलका प.ह.नं.--- तहसील सूरजपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.) ने अपने पिता तिलक पिता हिरालाल मृत्यु दिनांक 4/2/2015 का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। इस संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 8/4/2025 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक.... को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
उप तहसील मानी जिला सूरजपुर (छ.ग.)

ऊँ जय माँ कंकाली ऊँ
राजयोग- धनयोग, विवाह, संतान, मंत्रीयोग, राजपत्रित पद, व्यापार संबंधित प्रश्न, यात्रा ट्रांसफर एवं अन्य ज्योतिष संबंधी प्रश्नोत्तर, 9 ग्रह 27 नक्षत्र 64 योगनी, वास्तु शास्त्र तथा प्रश्नोत्तर ज्योतिष द्वारा प्राप्त करें, तंत्र द्वारा वशीकरण, विवाह या किसी भी परेशानी से तत्काल लाभ प्राप्त करें।
चुनाव में विजय श्री हेतु संपर्क करें
त्रिकालग्य स्वामी - तांत्रिक सम्राट
डॉ.जे.पी. दुबे (पुष्पेन्द्र)
ज्योतिश तंत्र, पी.एच.डी., (गोल्ड मेडलिस्ट)
रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर
समयनुसार मिलें
डॉ.जे.पी. दुबे
मो.9630231500, 9630995600
आने से पूर्व अपाइंटमेंट अवश्य लेंवे
पता - कार्मेल स्कूल गेट नम्बर 4 बसुंधरा सनसिटी गेट के बाजू राजनिवास अपार्टमेंट अम्बिकापुर (छ.ग.)
नोट स्वामी जी प्रत्येक दिन अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे!!

# नगर पंचायत की प्रथम परिषद की बैठक में पार्षद ने दिया संकल्प पारित करने का प्रस्ताव

**लखनपुर।** शुक्रवार को नगर पंचायत के प्रथम परिषद की बैठक आयोजित की गई। नगर पंचायत सभाकक्ष में आयोजित परिषद की बैठक के दौरान विभिन्न विषयों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक के दौरान वार्ड क्रमांक 9 की पार्षद श्रीमती पूनम राकेश साहू द्वारा परिषद के समक्ष संकल्प पत्र पारित करने का प्रस्ताव रखते हुए बताया कि नगर पंचायत में कार्यालयीन की शरुआत राष्ट्रगान के साथ की जाए। इस पहल से अधिकारी कर्मचारी समय पर कार्यालय में उपस्थित होंगे और देश प्रेम की भावना भी जागृत होगी।



इसके साथ ही नगर पंचायत कार्यालय अंतर्गत हो रहे निर्माण कार्य स्थल पर नागरिक सूचना पटल लगाए जाएं ताकि नागरिकों को निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी हो सके। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता युक्त सीमेंट का उपयोग करें। अटल परिसर और शिवम कंपलेक्स दुकान की नीलामी को नगर पंचायत परिषद में संकल्प पारित कर लॉटरी सिस्टम से दुकानों की नीलामी की जाए जिससे गरीब एवं स्थानीय लोगों को अधिक लाभ मिल सके।

चूल्हट नदी के मंटा ढोंढा घाट, आमाघाट के पुलिया पास और ऊपर घाट में, चिलाघाट पुलिया के पास, मुक्तिधाम के नीचे, शिवपुर एवं घाटों पर कच्चा बंधान बांधकर पानी रोका जाए ताकि वाटर लेवल बढे और मवेशियों को पीने का पानी, आम लोगों का निस्तार का साधन मिल सके। इसके साथ ही नगर में स्वच्छता प्रबन्धन को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि स्वच्छता दीदियों को कितने घर व दुकानों से कचरा डिब्बे में दिया जाता है और कितने घर व दुकानों से नहीं दिया जाता इसकी जानकारी हासिल की जाए। इससे स्वच्छता प्रबन्धन में मदद मिलेगी। नए सामुदायिक भवन में मांसाहारी भोजन प्रतिबंधित करने आग्रह किया गया है।

सरगुजा मार्केट

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ. संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 6 अप्रैल 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

डॉ. शैल वर्मा
(एमबीबीएस, एमडी) मनोरोग विशेषज्ञ
दिनांक : 26 मार्च 2025
दिन - बुधवार
स्थान
वेलनेस होम फिजियोथेरेपी कायरोप्रैक्टिक ऑस्टियोपैथी क्लिनिक
होटल खाना खजाना के सामने महामाया रोड अम्बिकापुर
कुंज बिहारी लाल एंड ब्रदर्स
मेडिकल स्टोर
अपॉइंटमेंट के लिए संपर्क करें
महामाया चौक, अम्बिकापुर, मो. 8966944740, 8889058145

डॉ. ए.एफ. दानिश
बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जन
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
शनिवार, 22 मार्च 2025
24 घंटे आपातकालीन सेवाएं
: प्लास्टिक सर्जरी :
- सभी प्रकार के दाग का ईलाज (Scar Treatment)
- पुरूषों के बढ़े हुए स्तन (Gynaecomastia)
- झड़ते हुए बालों के लिए (PRP, Therapy/GFC Therapy)
- Liposcution (शरीर के बढ़ी चर्बी को मशीन से निकालना)
- जलने के बाद हाथ, पैर, चेहरे की सिकुड़न का ईलाज
- लम्बे समय तक ना ठीक होने वाले घाव का ईलाज
- Keloid का ईलाज, डायलिसिस के लिए फिस्चुलना
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

Wellness Home
AN ADVANCE PHYSIOTHERAPY CHIROPRACTIC OSTEOPATHY CLINIC
डॉ. श्रेया गुप्ता
BPT, FOMT (Australia), FNMT Certified Pilates, Cupping and Hijama Therapist
Certified Accupanturist and Dry Needling Therapist
Certified FDM Practitioner (1st in Ambikapur)
मैनूवल थेरेपी
न्यूरी थेरेपी एवं लकवा (चेहरा/शरीर), हड्डी एवं जोड़ों में दर्द (स्लीप डीस्क, फ्रोजन सोल्डर), गर्भावस्था में थेरेपी, ओल्ड ऐज संबंधित थेरेपी, बच्चों की थेरेपी (CP, एड़ी उठाकर चलना), आर्थराइटिस, माँसपेशियों का दर्द (साइटिका, कमर दर्द), सरवाईकल का दर्द
समय
सुबह 10 से 1 बजे तक
शाम 4 बजे से रात 8 बजे तक
श्रेया डिपार्टमेंट स्टोर के पीछे महामाया रोड, अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल में उपलब्ध रहेंगे
25 अप्रैल 2025 दिन शुक्रवार
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy urosurgeon)
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
- पथरी, प्रोस्टेट, पेशाब का ना होना।
- पेशाब में जलन।
- प्रोस्टेट बढ़ जाना।
- पेशाब बार-बार होना।
- किडनी, पेशाब थैली।
- पेशाब बूंद- बूंद पर होना।
- गुर्दे व पेशाब की नली में पथरी।
- पेशाब के रास्ते का छोटा होना।
- पेशाब की धार न बनना, इत्यादि।
- अण्डकोष प्रॉस्टेट कैंसर
Dr FIRDOUSI HOSPITAL
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)

मानसिक एवं न्यूरों रोग परामर्श
डॉ. अनिल कुमार यादव
एम.डी, (बी.एच.यू.) वाराणसी
हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलॉजिस्ट)
दिनांक 30मार्च 2025, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
- ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
- रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
- फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 29 मार्च 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4
दो दिनों से जल रहा टाइगर रिजर्व का जंगल, 20 किमी परिधि में फैली आग



## खबर संक्षेप

### बाइक सहित सड़क किनारे गिरा युवक, उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** बागबहार थाना अंतर्गत ग्राम मकरा कुआं निवासी रोहित कुजूर आ. मोहन कुजूर (25 वर्ष) गत दिन बाइक से अकेले गांव से कुछ दूर स्थित सोसायटी में राशन लेने जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार रामजी घाट के समीप पहुंचा तभी बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर बाइक समेत सड़क किनारे गिर गया। दुर्घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### खेत से लौट रही युवती से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** खेत से वापस लौट रही युवती से जबरन दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने



के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत रहने वाली युवती 26 मार्च को अपने पिता को देखने के लिए खेत की तरफ गई थी। पिता के नहीं मिलने पर युवती वापस घर लौट रही थी। इस दौरान जितेंद्र गोंड ने युवती को पकड़ लिया और जबरन खींचते हुए झेत के पास बने झोपड़ी में ले गया। इस दौरान आरोपी ने युवती को शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 64, 351(3) के तहत अपराध दर्ज कर जांच उपरांत लुंड्रा के ग्राम उरदरा निवासी 28 वर्षीय जितेंद्र गोंड आ. रामलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## ठेका प्रथा व सुपरवाइजर की नियुक्ति का किया विरोध

# मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सफाई कर्मियों ने काम बंद कर किया प्रदर्शन



अस्पताल के सामने प्रदर्शन करते सफाईकर्मी।



समझाइश देते डीन व अस्पताल अधीक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सफाई कर्मचारियों के अचानक धरना प्रदर्शन करने से अस्पताल की साफ-सफाई पर असर पड़ा। लगभग तीन घंटे तक चले धरना प्रदर्शन के कारण अस्पताल के किसी भी वार्ड की साफ-सफाई नहीं हो सकी जिससे मरीज सहित परिजन को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि अस्पताल प्रबंधन की समझाइश के बाद सफाई कर्मी काम पर वापस लौट गए। अस्पताल के सफाई कर्मचारी सफाई व्यवस्था ठेका में करने तथा मनमानी तरीके से सुपरवाइजर की नियुक्ति करने का विरोध कर रहे थे।

**खास बात**

- सुबह के शिफ्ट में किसी वार्ड की नहीं हुई साफ-सफाई

मेडिकल कॉलेज अस्पताल की साफ-सफाई की जिम्मेदारी अस्पताल के लगभग 150 सफाई कर्मचारियों के भरोसे संचालित है। जीवन दीप समिति के भंग होने के बाद से सभी सफाई कर्मचारी कलेक्टर दर पर काम कर रहे है। अस्पताल की साफ-सफाई सही तरीके से नहीं होने तथा लगातार मिल रही शिकायत पर अब अस्पताल प्रबंधन सफाई की व्यवस्था ठेके पर देने की तैयारी में है। हालांकि शासन द्वारा अभी तक इस संबंध में किसी प्रकार के निर्देश अस्पताल प्रबंधन को नहीं दिए है। इधर अस्पताल की सफाई व्यवस्था ठेका पर होने की भनक लगने तथा नए महिला व पुरुष सुपरवाइजर की नियुक्ति करने पर आज अस्पताल के सभी सफाई कर्मचारियों ने सुबह का काम बंद कर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

### घर में कराते हैं काम

अस्पताल के सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि अस्पताल की सफाई के अलावा उन्हें अधिकारी के घर में भी साफ-सफाई के लिए सुपरवाइजर द्वारा ड्यूटी लगाई जाती है। ऐसे में उन्हें कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### नहीं मिली प्रोत्साहन राशि

सफाई कर्मचारियों ने बताया कि कोविड महामारी के दौरान कोविड वार्ड में कार्यरत सफाई कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि शासन की ओर से जारी की गई थी। कोविड महामारी के दौरान कार्यरत समस्त नर्सिंग स्टाफ एवं चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों की सूची तैयार की गई लेकिन आज तक प्रोत्साहन राशि नहीं मिल सका।

### साफ-सफाई पर पड़ा असर

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कई वार्ड है जहां कि सफाई की जिम्मेदारी 150 सफाई कर्मचारियों द्वारा द्वारा अलग-अलग शिफ्ट में की जाती है। आज सुबह सफाई कर्मचारियों द्वारा काम बंद कर प्रदर्शन करने से अस्पताल के किसी वार्ड में सफाई नहीं हो सकी।

अचानक सभी सफाई कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने से अस्पताल के किसी वार्ड में सफाई नहीं हो सकी। धरना प्रदर्शन कर रहे सफाई कर्मचारियों का कहना है कि वे ठेकेदार के अधीन रहकर काम करना नहीं चाहते और जिस तरह से अस्पताल में सफाई व्यवस्था चल रही है उसी पर काम करने की बात कही। साथ ही नए नियुक्ति सुपरवाइजर को हटाने तथा सफाई कर्मचारियों में से ही किसी को सुपरवाइजर बनाने की मांग की। इधर सुबह अचानक सफाई कर्मचारियों द्वारा काम बंद कर देने और धरना प्रदर्शन करने की जानकारी लगते ही मेडिकल कॉलेज डीन डॉ. अविनाश मेश्राम, अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या मौके पर पहुंचे और सफाई कर्मचारियों को समझाइश दी लेकिन सफाई कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। इसी बीच अस्पताल प्रबंधन ने सफाई कर्मचारियों की पांच सदस्यीय टीम से चर्चा की जिसके बाद सभी सफाई कर्मचारी काम पर वापस लौट गए।

### समझाइश के बाद लौटे काम पर

सफाई कर्मचारियों द्वारा बिना सूचना के ही काम बंद कर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। समझाइश के बाद सभी कर्मचारी काम पर वापस लौट गए जिससे सफाई की व्यवस्था प्रभावित नहीं हुई।
-**डॉ. आरसी आर्या**, अस्पताल अधीक्षक

# पेट्रोल टैंकर की टक्कर से घायल बाइक सवार की अस्पताल ले जाते समय मौत

**सोनगरा।** शुक्रवार की दोपहर तेज रफ्तार पेट्रोल टैंकर की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पेट्रोल टैंकर के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक चालक को टक्कर मारी थी। घायल को उपचार के लिए अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

बताया जा रहा है कि जरही बंशीपुर निवासी आईडी तिवारी शुक्रवार को बाइक क्रमांक सीजी 15 सीजेड 4367 से अंबिकापुर की ओर जा रहे थे जबकि पेट्रोल टैंकर वाहन क्रमांक सीजी 29 ए 4555 बनारस की ओर जा रहा था। इस दौरान सकलपुर के समीप के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक




वाहन चलाते हुए बाइक सवार आईडी तिवारी को टक्कर मार दी। इस घटना में बाइक सवार आईडी तिवारी गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना के बाद हालक वाहन छोडकर मौके से फरार हो गया। रास्ते से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद उन्हें उपचार हेतु अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन अस्पताल में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। जरही नगर पंचायत क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक के मौत की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहूंचे थे। इस दौरान लोगों ने मृतक के परिजन को सांत्वना प्रदान की। इसके साथ ही मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है।





पुलिस गिरफ्त में आरोपी व जब्त सामान व नगदी।

# प्रेमिका से मिलने रायपुर से निकले युवकों ने लखनपुर में की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सूने मकान से चोरी करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों को रायपुर से हिरासत में लेने के साथ ही चोरी का सामान नगदी व जेवर बरामद किया है। पुलिस के अनुसार लखनपुर निवासी सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल 8 फरवरी को परिवार के साथ महाकुंभ में शामिल होने के लिए प्रयागराज गए हुए थे। सुरेन्द्र अग्रवाल प्रयागराज के रास्ते में ही थे तभी पड़ोसी ने उन्हें घर का ताला टूटा होने की जानकारी दी।

- सूने मकान में चोरी के आरोपी गिरफ्तार, सोने के जेवर, नगद समेत अन्य सामान बरामद

सूचना मिलने के बाद सुरेन्द्र अग्रवाल वापस लौट आए और जब वे घर पहुंचे तो देखा कि घर के प्रवेश गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर आलमारी का सामान बिखरा पड़ा था। मौके पर लाल रंग का एक गैंती पड़ा हुआ था। अज्ञात चोरों ने घर से सोने का चैन 2 नग, सोने का छोटा लॉकेट 1 नग, एक जोडी चांदी का पायल, 1 नग चांदी का अंगुठी एवं करीबन एक लाख रूपए समेत कुल 4.5 लाख रूपए की चोरी कर ली थी। इस घटना की शिकायत 9 फरवरी को मकान मालिक ने की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 331(4), 305(ए) के तहत अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही थी। सीसीटीवी फुटेज व घटना में प्रयुत्क वाहनों की जांच के दौरान पुलिस टीम को रायपुर के शंकरनगर रवाना किया गया था। इस दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर रायपुर शंकरनगर कंचना निवासी 19 वर्षीय विष्णू साहू आ. रामा साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि आरोपी अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए मित्र मनीष कुमार साहू की स्कूटी क्रमांक सीजी 04 एनएल 8947 से अंबिकापुर जाने निकला था। इस दौरान अंबिकापुर में घूमने और खाने पीने के लिए चोरी करने की योजना बनाई और सूने मकान की तलश कर रहे थे। उन्होंने बिलासपुर के रास्ते में एक लोहे का गैंती भी खरीदकर डिक्की में रख लिया था। 9 फरवरी की देर रात दो से 3 बजे के बीच वे लखनपुर में सुरेन्द्र अग्रवाल के सूने मकान पहुंचे और ताला तोडकर घर के अंदर घुस आए व चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों ने चोरी के नगद व सामान को आपस में बांट लिया। आरोपी विष्णु साहू के हिस्से मे आए चोरी के सोने चांदी का जेवर एवं घटना मे प्रयुक्त स्कूटी को अपनी प्रेमिका के घर में जरूरी सामान होना बताकर छुपा कर दिया। पुलिस ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप



### नेशनल गेम्स की विजेता खुशबू को मेयर ने किया सम्मानित

**अंबिकापुर।** उत्तर खंड के देहरादून में आयोजित राष्ट्रीय खेल के दौरान कांस्य पदक हासिल करने वाली खिलाड़ी कुमारी खुशबू गुप्ता को महापौर और ननि सभापति ने सम्मानित किया। बता दें कि उत्तराखंड देहरादून के 38वीं राष्ट्रीय खेल में छत्तीसगढ़ नेटबॉल की टीम ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में जिला नेटबॉल संघ की खिलाड़ी कुमारी खुशबू गुप्ता ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए बेहतर प्रदर्शन किया और कांस्य पदक जीतकर जिले का नाम रौशन किया। छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित राष्ट्रीय खिलाड़ी कु. खुशबु गुप्ता के सम्मान हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महापौर श्रीमती मंजूषा भगत व सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने खिलाड़ी को सम्मानित किया। इसके साथ ही मेयर श्रीमती भगत ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए सरगुजा जिला में खेलों को बढ़ावा देने के लिए खेल एजेंडा बनाने की बात कही है। इस दौरान एमआईसी सदस्य लोक निर्माण विभाग सदस्य मनीष सिंह, महिला तथा बालक कल्याण विभाग सदस्य प्रियंका गुप्ता, गुरू नानक वार्ड पार्षद शैलेश कुमार सिंह, प्रियंका चौबे, सिद्धार्थ मिश्रा, विकास गुप्ता अन्य सभी उपस्थित थे।

### हरिचांद के जन्मोत्सव पर वारुणी महामेला शुरू



**बिश्रामपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री किरनचांद भजनाश्रम अजबनगर में श्री श्री हरिचांद ठाकुर का 214 वा जन्म महोत्सव पर वारुणी महामेला का आयोजन 26 मार्च से किया जा रहा है। गौरतलब है कि ग्राम अजबनगर में छग मतुआ महासंघ के नेतृत्व में श्री श्री हरिचांद ठाकुर का 214 वां जन्म महोत्सव पर वारुणी महामेला का आयोजन 26 मार्च से किया गया है जिसमें 26 मार्च को अधिवास, 27 मार्च को गंगा स्नान व श्री हरिश्चंद्र ठाकुर भक्तों के 36 निशान दल का आगमन हुआ। सभी निशान दल में सरगंवा, सकालो, भगवानपुर, डिगामा, सिलफिली, संजयनगर, रविंद्रनगर, बलरामपुर, सतना जिला के हरि भक्त शामिल हुए। सभी निशान दल अपने अपने क्षेत्र में भ्रमण कर शाम 7 बजे से रात 12 तक हरिश्चंद्र ठाकुर मंदिर में पहुंचे। 28 मार्च शुक्रवार को सुबह 9 से हरि भक्तों द्वारा हरि भजन कीर्तन का आयोजन किया गया और रात 9 बजे से रंगारंग कार्यक्रम जबलपुर के टीम द्वारा प्रस्तुत किया गया। कल 29 मार्च शनिवार को भी हरि भक्तों द्वारा सुबह 9 बजे से हरि भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा और रात 9 बजे भक्ति रंगारंग कार्यक्रम किया जाएगा। 30 मार्च को धार्मिक प्रवचन व शांति सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रतिदिन शाम 7 से 10 बजे तक संध्या आरती का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही श्री हरिश्चंद्र ठाकुर मंदिर में हर रोज विशाल भंडारा का आयोजन किया जा रहा है।

### लक्ष्य हासिल करने विभाग चार महीने से चला रहा अभियान

# बकाया राजस्व वसूलने में पिछड़े शहर एवं ग्रामीण विद्युत संभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

विद्युत का बकाया राजस्व वसूलने लम्बे समय से मशक्कत कर रहे विद्युत अधिकारियों को सख्ती के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है। अधिकारी अलग-अलग टीमें बनाकर बकाएदारों की बिजली काट रहे हैं। विभाग की सख्ती के कारण बकाया राशि भी मिल रही है लेकिन राजस्व वसूली लक्ष्य पूरा हो सकेगा इसको लेकर अधिकारी संशय में है।

**खास बातें**
- 87000 बीपीएल परिवार वर्षों से नहीं कर रहे भुगतान
- विभाग शासन को भेजेगा प्रस्ताव

विद्युत बिल का नियमित भुगतान नहीं होने के कारण विभाग का बकाया राजस्व लगातार बढ़ते जा रहा है। बकाया राजस्व को लेकर इस बार शासन ने सख्त निर्देश जारी किया हैं तथा सभी विद्युत संभागों के लिए राजस्व वसूली का लक्ष्य निर्धारित किया है। विभाग के अधिकारी राजस्व वसूली का लक्ष्य हासिल करने चार महीने पूर्व अभियान शुरू किया था। अभियान जोर पकड़ता कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एवं स्थानीय निकायों के चुनाव की अधिसूचना प्रभावी हो गई। इस दौरान विभाग ने राजस्व वसूली का अभियान रोक दिया। अधिसूचना समाप्त होने के बाद अभियान चलाकर सख्ती पूर्वक बकाया राजस्व की वसूली की जा रही है लेकिन बकाएदारों की संख्या अधिक होने के कारण सख्ती के बावजूद विभाग को अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है। शहर विद्युत संभाग की अलग-अलग टीमें हर दिन एक सौ से अधिक बकाएदारों से संपर्क कर रहे हैं तथा 40-45 बकाएदारों की बिजली काटने के साथ ही 8-10 लाख रूपए बकाया राशि की वसूली कर रहे हैं।

शहर विद्युत संभाग का बकाया राजस्व बढ़कर 33 करोड़ पहुंच गया है। जिसमें निजी क्षेत्र के उपभोक्ताओं पर 22 करोड़ एवं शासकीय विभागों पर 10 करोड़ का बकाया है। विभाग ने शासकीय बकाएदारों को भी नोटिस जारी की है जिसके बाद विभाग को कुछ राशि मिली है। बकाएदार शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों के अधिकारियों ने आवंटन मिलते ही वित्तीय वर्ष के अंतिम दिन तक राशि भुगतान करने का आश्वासन दिया है। शहर विद्युत संभाग के अधिकारी निर्धारित लक्ष्य का 92 फीसदी राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा कर लेने का दावा कर रहे हैं। मार्च के अंत तक वसूली बढ़ने की भी उम्मीद जताई जा रही है।



कनेक्शन विच्छेद करते विद्युतकर्मी।

**ग्रामीण संभाग का बकाया 100 करोड़ से ऊपर**

ग्रामीण विद्युत संभाग का बकाया राजस्व बढ़कर 100 करोड़ से ऊपर पहुंच गया है शासन द्वारा ग्रामीण विद्युत संभाग को 30 करोड़ बकाया राजस्व वसूलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है लेकिन कड़ी मशक्कत एवं लगातार अभियान चलाने के बावजूद अधिकारी अब तक 20 करोड़ रूपए की वसूली कर पाए है। शेष बचे राजस्व को वसूलने विभाग की अलग-अलग टीमें लगातार अभियान चला रही है। शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभागों की संपूर्ण बकाया राशि समय पर मिल गई तो संभाग के अधिकारियों को काफी राहत मिलने एवं लक्ष्य के निकट पहुंचने की संभावना है।

**बकाएदारों में 70 हजार से अधिक बीपीएल परिवार**

ग्रामीण विद्युत संभाग के बकाएदारों की समीक्षा में एक नई बात सामने आई है। ग्रामीण क्षेत्र के कुल 87 हजार बीपीएल परिवार वर्ष 2014 एवं 2018 से बिजली का उपयोग कर रहे हैं लेकिन कभी बिजली की राशि का भुगतान नहीं किया। राज्य सरकार से मिली निःशुल्क सौगात मानकर ग्रामीण बिजली का उपयोग करते रहे। अधिकारियों ने भी इस पर कभी ध्यान नहीं दिया। बीपीएल परिवार के 15000 उपभोक्ता बड़े बकाएदारों में शामिल हो गए है। विभाग ने इन परिवारों का भौतिक सत्यापन कराया तो इनकी माली हालत देखकर दंग रह गए। विभाग गांव-गांव में पहुंचकर इनके बिल एवं खपत का सत्यापन कर रहा है तथा सत्यापन उपरांत इनका निराकरण शासन स्तर पर करने का प्रस्ताव प्रेषित करने का निर्णय लिया है। ग्रामीण विद्युत संभाग के कुल डेढ़ लाख विद्युत उपभोक्ताओं में आधे से अधिक बीपीएल श्रेणी के हैं।

**बढ़ सकती है समस्या**

शहर विद्युत संभाग के कार्यपालन अभियंता एसपी कुमार ने बताया कि बढ़ते बकाया राजस्व को देखते हुए विभाग रायपुर से ही बकाएदारों की बिजली काटने पर विचार कर रहा है। उच्च स्तर पर सहमति बनी तो मई,जून से विभाग बकाएदारों के घर में लगे स्मार्ट मीटर के माध्यम से विद्युत आपूर्ति ठप कर देगा तथा बकाया राशि भुगतान के बाद ही दोबारा आपूर्ति चालू होगी। ऐसा होने पर बकाएदारों की समस्या बढ़ जाएगी।

**लगातार चल रहा अभियान**

राजस्व वसूली का लक्ष्य पूरा करने लगातार अभियान चलाया जा रहा है। कड़ी मशक्कत एवं सख्ती के बावजूद अपेक्षित सफलता नहीं मिल रही है। बकाएदार बीपीएल परिवारों का सर्वे कर शासन को निराकरण के लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

-रोशन नागवंशी, ईई, ग्रामीण विद्युत संभाग

## बंद खदान में मिली महिला की लाश, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम कपसरा क्षेत्र स्थित महान 1 बंद खदान के पोखरी में अज्ञात महिला की लाश मिलने से सनसनी का माहौल निर्मित हो गया। लाश के कंबल में लिपटे तथा बंधे होने से प्रथम दृष्टया हत्या कर लाश को ठिकाने लगाने की आशंका जताई जा रही है। लाश चार से पांच दिन पुराना होने की बात कही जा रही है। मामले में पुलिस द्वारा जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को करीब 11 बजे स्थानीय लोगों ने बंद खदान के पोखरी में एक लाश को देख तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को बाहर निकाला और जांच शुरू की। मृतिका की आयु लगभग 25-26 वर्ष बताई जा रही है। मृतिका के हाथों में टैटू और काले रंग का सलवार सूट और मोजे पहने हुई थी। लाश कंबल में लपेटकर रबर से बांधा हुआ था, जिसे देख पुलिस द्वारा हत्या की आशंका जताई है। महिला की पहचान नहीं हो सकी है। फिलहाल पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता चल सके।



## आठ वाहनों पर अवैध खनिज परिवहन के प्रकरण दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश के अनुरूप जिले में अवैध उत्खनन,परिवहन व भण्डारण करने वालों पर अब सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। खनिज विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन कर विशेष निगरानी की जा रही है। ऐसे क्षेत्रों में निर्मित स्थायी संरचनाओं पुल-पुलिया व एनीकट के आसपास से खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भण्डारण पर खनिज अमला द्वारा सतत जांच की जा रही।खनिज अमला एवं राजस्व अमला सूरजपुर द्वारा गत 2 दिनों में सूरजपुर जिला अंतर्गत ग्राम पंचायत हर्राटिकरा, राजापुर, कुरूवा, खड़गवांकला, कल्याणपुर, सतपता, जयनगर में वाहनों के जांच के दौरान 8 वाहनों में अवैध खनिज परिवहन के प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

- निज एवं राजस्व अमला लगातार दो दिवस से कर रहा कार्रवाई

सभी जब्त वाहनों को बिश्रामपुर, जयनगर, लटोरी एवं खड़गवांकला में खड़ी कराया गया है।

## दो माह से नहीं मिला राशन, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत खैराडीह में गांव के आधे से अधिक हितग्राहियों को दो माह से राशन नहीं मिला। राशन नहीं मिलने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। आज ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंप राशन दिलाए जाने की गुहार लगाई है। सौंपे गए ज्ञापन में ग्राम पंचायत खैराडीह के ग्रामीणों का आरोप है कि राशन की हरा फेरी संचालक सुरेश नेताम द्वारा की जाती है। राशन कार्ड धारकों को पिछले 2 साल से चावल, चना, शक्कर वितरण में लापरवाही बरती जा रही है। दो माह फरवरी और मार्च महीने का आधे से अधिक लोगों को राशन प्राप्त नहीं हुआ। इस संबंध में दो तीन बार खाद अधिकारी सहित उच्च अधिकारियों से शिकायत की गई परंतु आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुआ। ग्राम वासियों राशन का गबन का आरोप लगाते हुए जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। इस दौरान रामबली सिंह, दशरथ बाबू, लाल, कलाम साहब, बलदेव, अशोक, बालगोबिन, जयपाल मोटी, काली राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।




## अकीदत के साथ अता की गई अलविदा जुमा की नमाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान के अवसर पर अंतिम शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अकीदत के साथ आता की गई। अलविदा जुमा की नमाज को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

- समाज के लोगों ने मांगी खुशहाली, अमन चैन की दुआ

शुक्रवार को शहर सहित संभाग की सभी मस्जिदों में अलविदा जुमा की नमाज पढ़ी गई व समाज के लोगों ने अमन चैन व खुशहाली की दुआ मांगी। बता दें कि मुस्लिम समाज के पवित्र माह रमजान का महीना चल रहा है। इस एक माह तक समाज बच्चे, बड़े व बुजुर्ग रोजा रखने के साथ ही इबादत में लीन है। रमजान के मौके पर मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ी गई जबकि जगह जगह दावते इफ्तार का आयोजन किया गया। रमजान के मौके पर मस्जिदों में भी प्रतिदिन इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। मुस्लिम समाज के इबादत का महीना अब समाप्त होने से पहले अंतिम शुक्रवार को आज अलविदा जुमा के रूप में मनाया गया। अलविदा जुमा के मौके पर समाज के लोग नए व साफ सुथरे कपड़े पहनकर मस्जिदों में पहुंचे थे जहां अलविदा जुमा की दो रकत नमाज अता की गई।

इस दौरान शहर के जामा मस्जिद में मुफ्ती अबरार अहमद मिस्बाही ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इसके साथ ही रसूलपुर नाजमिया मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने अलविदा जुमा की नमाज पढ़ाई। इस दौरान मस्जिदों में नमाज पढ़ने वाले नमाजियों की भीड़ को देखते कमेटियों द्वारा व्यापक इंतजाम किए गए थे। गर्मी के मौसम में धूप से बचाव के लिए टेंट पंडाल की व्यवस्था की गई थी। नमाज उपरांत समाज के लोगों ने अपने व परिवार की खुशहाली, देश में अमन चैन की दुआ मांगी।



## बाजार से चोर ले उड़े ग्रामीण की बाइक

**अम्बिकापुर।** लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम गाजरमुडा निवासी सुनिल एक्का आ. सलिक राम एक्का (35 वर्ष) शनिवार को साप्ताहिक बाजार बरगीडीह बाइक क्रमांक सीजी 15 सीक्यू 3931 से गया था। ग्रामीण बाइक को दुर्गाबाड़ी चबूतरा के समीप खड़ा कर खरीदारी करने चला गया। कुछ समय बाद वापस लौटा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो घटना की रिपोर्ट लुण्ड्रा थाना में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया है।

## हेल्थ प्लस

### तेज डायग्नोस्टिक सेंटर में विशेषज्ञ चिकित्सक कल

**अम्बिकापुर।** तेज डाग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल में रविवार 30 मार्च को छ.ग. के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ.अमित जैन, मस्तिष्क एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ.अभिजीत कुमार कोहाट, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.गौरव त्रिपाठी, पेट एवं आंत रोग विशेषज्ञ डॉ.अरूण अय्यर संबंधित रोगों से पीड़ित मरीजों के उपचार एवं परामर्श हेतु तेज डायग्नोस्टिक एवं माता राजरानी मेमोरियल हॉस्पिटल, जोड़ा तालाब के सामने बाबूपारा अम्बिकापुर में उपलब्ध रहेंगे।



## पेज 1 व 3 के शेष...

### 13 करोड़ खर्च करने के...

में कुर्सियां लगाने के साथ ही बिजली, फिनिशिंग सहित अन्य कार्य शेष है। सिविल वर्क पूर्ण होने के बाद लगभग लगभग साढ़े तीन साल से निर्माण कार्य बंद पड़ा हुआ है। इसका मुख्य कारण निर्माण की राशि समाप्त होना है। हालांकि इस प्रोजेक्ट की स्वीकृति भाजपा शासन काल में मिली थी और काम शुरू के बाद वर्ष 2018 में कांग्रेस की सरकार आ गई और नई सरकार ने पूर्वर्ती सरकार के प्रोजेक्ट को खास महत्व नहीं दिया यही वजह है कि जबतक विभाग के खाते में राशि बची थी तब तक काम कराया गया लेकिन इसके बाद काम बंद करना पड़ा। अब एक बार फिर से प्रदेश में भाजपा की सत्ता है ऐसे में अधिकारियों में भी इस बंद पड़े प्रोजेक्ट को प्रारम्भ करने की उम्मीद जगी थी लेकिन सत्ता में आने के बाद अब तक भाजपा शासन और जन प्रतिनिधियों का ध्यान अपने अधूरे कामों पर नहीं गया है।

### प्रेमिका से मिलने रायपुर से..

ने मामले में आरोपी के मित्र शंकरनगर रायपुर निवासी 20 वर्षीय मनीष कुमार साहू आ. स्व. पुनीत राम को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी के बताए अनुसार प्रेमिका के घर से चोरी का सामान बरामद किया। पुलिस ने आरोपियों से 2 नग सोने का चैन, एक जोडी चांदी का पायल, एक नग चादी का सिक्का, एक नग सोने का लॉकेट एवं नगद 24 सौ रूपए, एक नग आईफोन मोबाइल, घटना में प्रयुक्त स्कूटी समेत कुल 4.5 लाख रूपए का मशरूका बरामद किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी लखनपुर प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा, स्पेशल टीम प्रभारी विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक रवि सिंह, पन्ना लाल, आरक्षक चित्रसेन प्रधान डॉक्टर सिदार, अजय प्रताप, सतेंद्र दुबे, संजीव चौबे, राहुल सिंह, आनंद गुप्ता , अमित विश्वकर्मा सक्रिय रहे।

## दो दिनों से जल रहा टाइगर रिजर्व का जंगल, 20 किमी परिधि में फैली आग

**बिहारपुर।** गर्मी बढ़ने के साथ ही एक बार फिर गुरूघासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व का जंगल जलना शुरू हो गया है। टाइगर रिजर्व के रिहंद रेंज अंतर्गत तेलाईपाट, बैजनपाट एवं मुण्डा जंगल में पिछले दो दिनों से आग लगी है। गर्मी एवं हवा के संपर्क से आग ने विकराल रूप धारण कर लिया है।

गर्मी बढ़ने के साथ ही गुरू घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व में आग लगने की घटनाएं बढ़ गई है। टाइगर रिजर्व के वन कर्मियों को आग बुझाने में सफलता नहीं मिल रही है जिसके कारण वन्य जीवों व वनस्पतियों के लिए खतरनाक स्थिति निर्मित हो गई है। बताया जा रहा है कि गुरूवार को टाइगर रिजर्व स्थित बैजनपाट पूर्वी जंगल में किसी ने सूखे पत्तों में आग लगा दी। हवा के संपर्क में आने से आग जंगल के बड़े क्षेत्र में फैल गई है। प्रभावित क्षेत्र खाई, पहाड़ी इलाका होने के कारण वन अमले को आग बुझाने में सफलता नहीं मिल रही है। कर्मचारियों की कमी होने के कारण आग पर नियंत्रण दैनिक भोगी चौकीदारों तक सिमटकर रह गया है। शुक्रवार की शाम जंगल की आग ने विकराल रूप धारण कर लिया जिससे टाइगर रिजर्व क्षेत्र के साथ ही आसपास के गांवों में धुंआ भर गया तथा जंगल की आग दूर तक दिखने लगी। जंगल की आग बैजनपाठ, तेलईकछार, मुण्डा क्षेत्र के 20 किमी की परिधि में फैल गई है। आग लगने से जंगल की वनस्पतियां पूरी तरह से झुलस गई हैं वहीं वन्य जीवों एवं जैव विविधता के लिए बड़ा संकट उत्पन्न हो गया है। आग जल्द नहीं बुझाया गया तो समस्या विकराल बन जाएगी।



इस संबंध में रेंजर ललित साय पैकरा ने बताया कि दो परिक्षेत्रों का प्रभारी होने के कारण मुझे रायगढ़ रेंज में अधिक समय देना पड़ रहा है। डिप्टी रेंजर सूर्यभान सिंह जंगल एवं वन्य जीवों के सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे है। मार्च के महीने में कार्यालयीन कार्य बढ़ गए है। आग बुझाने की कोशिश की जा रही है।

## पीएम की सभा को लेकर हुई माँ महामाया व समलाया मंडल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बिलासपुर में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आमसभा एवं जनप्रतिनिधि सम्मेलन को लेकर माँ महामाया मंडल व माँ समलाया मंडल की बैठक भाजपा कार्यालय में मंडल प्रभारी व महापौर श्रीमती मंजुषा भगत व सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर, पूर्व सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा के आतिथ्य में हुई।

बैठक में महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा को मिली ऐतिहासिक विजय के बाद प्रधानमंत्री का आगमन हो रहा है। प्रधानमंत्री की सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को इसमें अनिवार्य रूप से शामिल होना है। सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि नगर निगम में भाजपा को मिली जीत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ सबका विकास विजन व उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं का भी योगदान है। सभापति त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने कहा कि केंद्र, राज्य तथा नगर निगम में भाजपा की सरकार बनने के बाद ट्रिपल इंजन की बीजेपी सरकार विकास की पटरी पर रफ्तार से दौड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संकल्प पत्र की हर गारंटी पूरी होगी। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी तथा आभार प्रदर्शन पार्षद निरंजन राय ने किया।

इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनोज कंसारी, पार्षद मनीष सिंह, विकास पांडे, ममता तिवारी, मनोज गुप्ता, विपिन पाण्डेय, प्रियंका गुप्ता, शशिकांत जायसवाल, शिवमंगल सिंह, रवींद्र गुप्त भारती, रविकांत उरांव, राहुल त्रिपाठी, शुभ्रा सोनी, पूनम मिश्रा, आकाश गुप्ता, दीपक तोमर आदि उपस्थित थे।




हरिभूमि आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्प्लेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
27 अप्रैल, 03 मई, 12 मई,16 मई, 23 मई, 02 जून, 15 जून 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411